जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2023/469 दिनांक : 29.12.2023

प्रति,

प्राचार्य/परीक्षा केन्द्राध्यक्ष,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त परीक्षा केन्द्र,
जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।

विषयः- पी0जी0 तृतीय सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल संग्रहण के सम्बंध में ।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत निर्देशानुसार लेख है कि एम0ए0/एम0एस-सी0/एम0कॉम0 तृतीय सेमेस्टर की परीक्षायें समाप्त हो चुकी हैं। एकेडमिक केलेण्डर के अनुसार परीक्षाओं का मूल्यांकन समय सीमा में कराकर परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किये जाने हैं।

अतः आप अपने महाविद्यालय के परीक्षा केन्द्र की उपरोक्त परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को प्रदान करने हेतु किसी कर्मचारी को नियुक्त करें। जिससे विश्वविद्यालय के वाहन जब आपके महाविद्यालय के परीक्षा केन्द्र पर उत्तरपुस्तिकायें संग्रहण हेतु जायें तो उन्हें समय पर प्रदान करें तथा इस कार्य में अनावश्यक विलम्ब न हो।

उक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न किया जाना सुनिश्चित करें। यदि उक्त कार्य में किसी भी प्रकार का विलम्ब होता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. उप/सहायक-कुलसचिव(गोपनीय/परीक्षा) जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।

उप-कुलसचिव(गोपनीय)